End Semester Examination, 2021

Semester -V

Hindi

PAPER - DSE-2

Full Marks : 60

Time : 3 Hours

1) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

2×10=20

i) "छायावाद" की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

ii) "छायावाद" का नामकरण किसने और क्यों किया था ?

iii) "सरोज-स्मृति " तथा ``कामायनी'' के रचनाकार का नाम बताइए ।

iv) जयशंकर प्रसाद के दो काव्य-संग्रह का नाम लिखिए ।

v) महादेवी वर्मा के दो काव्य संग्रह का नाम बताइए ।

vi) `मतवाला' और `चाँद' पत्रिका के संपादक के नाम बताइए ।

vii) "पंत" और "महादेवी वर्मा" को किन उपाधियों से विभूषित किया जाता है ?

viii) निराला की किन्हीं दो प्रगतिवादी रचनाओं के नाम लिखिए ।

ix) "कुकुरमुत्ता" कविता में `कुकुरमुत्ता' और `गुलाब' किसके प्रतीक है ?

x) जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित दो नाटको के नाम और उनका प्रकाशन वर्ष लिखिए ।

xi) "तुलसीदास" तथा "लोकायतन" के रचनाकार के नाम बताइए ।

xii) महादेवी वर्मा काव्य के अतिरिक्त कौन सी गद्य – विधाओं मे प्रवीण थी ?

xiii) पंत की किस कृति को छायावाद का मेनीफेस्टो (घोषणापत्र) कहा जाता है ? उसका प्रकाशन कब हुआ ?

(Turn Over)

xiv) महादेवी वर्मा और निराला किस दर्शन से प्रभावित थे ?

xv) प्रसाद और `निराला' पर लिखी एक-एक आलोचनात्मक पुस्तकों के नाम लिखिए ।

2) किन्हीं चार काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- 5×4=20

i) "मैं नीर भरी दुख की बदली
विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल भी, मिट आज चली।"

ii) "अबे, सुन बे, गुलाब
भूल मत, गर पाई खुशबू रंगोआब
खून- चुसा खाद का तूने आशिष्ट
डाल पर इतरा रहा कैपीटलिस्ट"

iii) "बीती विभावरी जाग री।
अम्बर पनघट में डुबो रही —
तारा-घट उषा नागरी ।
खग-कुल कुल कुल सा बोल रहा
किसलय का अंचल डोल रहा
लो यह लतिका भी भर लाई ।
मधु मुकुल नवल रस गागरी।"

iv) इस करुणा कलित हृदय में
अब विकल रागिनी बजती

क्यों हाहाकार स्वरों में
वेदना असीम गरजती ?

v) "धिक् जीवन को जो पाता ही आया विरोध,
धिक् साधन जिसके लिए सदा ही किया शोध
जानकी ! हाय उद्धार प्रिया का हो न सका
वह एक और मन रहा राम का जो न थका ।"

vi) "प्रथम रशिम का आना रंगिणि !
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ, कहाँ हे बाल–विहंगिनी !
पाया तूने यह गाना ?"

vii) "तुझ में अम्लान हँसी है
इसमें अजस्त्र अश्रू–जल,
तेरा भैभव देखूँ या
जीवन का क्रन्दन देखूँ ।
कह दे माँ क्या अब देखूँ ?"

3) किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **10×2=20**

i) छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

ii) "राम की शक्ति पूजा" का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए ।

iii) पंत के काव्य में प्रकृति-चित्रण की समीक्षा कीजिए ।

iv) महादेवी की विरह भावना को रेखांकित कीजिए ।